the TV coverage in remote, sensitive, hilly, border and tribal areas; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI H. K. L. BHAGAT): (a) and (b) Yes, Sir. The main schemes drawn up in this regard are (i) North-East TV Expansion Plan; (ii) TV coverage of border areas; (iii) TV coverage of remote and sensitive areas; (iv) Strengthening of TV coverage in border areas; and (v) Strengthening of TV service in Ladakh region. Besides, a number of transmitters envisaged to be set up under the VII Plan for expansion of TV service in the country as a whole are planned to provide service in such areas.

**"यूरोटाप्स" कार्यक्रम का प्रसारण**

440. **श्री सत्य पाल मलिक** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शनिवार को रात 9 बजे "यूरोटाप्स" कार्यक्रम दिखाने के पीछे मूल विचार क्या है ; और

(ख) इस कार्यक्रम का इस देश के युवकों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और क्या इस संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया गया है ?

**संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री हर किशन लाल भगत)** : (क) "यूरोटाप्स" मूलतः उन युवा लोगों की रुचि का पॉप म्यूजिक कार्यक्रम है जिनका दूरदर्शन दर्शकों में एक अच्छा प्रतिशत है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से दूरदर्शन के प्रदर्शन में विविधता आने की उम्मीद है। इससे दर्शकों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध कार्यक्रमों का चयन करने के अवसर मिल जाते हैं।

(ख) वास्तविक "यूरोटाप्स" पर कोई विशिष्ट दर्शक अनुसंधान अध्ययन नहीं किया गया है। तथापि, कुछ पत्र इस कार्यक्रम के मनोरंजन और रुचिकर होने की सराहना करते हुए प्राप्त हुए हैं।

**दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैटों को बेचने हेतु अनुमति**

441. **श्री सत्य पाल मलिक** : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डी०डी०ए० के फ्लैटों को बेचने हेतु अनुमति दिये जाने, सम्पत्ति के हस्तांतरण की प्रक्रिया को आसान बनाने, और सम्पत्ति के स्तांतरण पर ली जाने वाली फीस की दर को कम करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस संबंध में कोई अन्य कदम उठाने पर विचार रखती है ;

**शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह)** : (क) दिल्ली विकास प्राधिकरण विभिन्न क्षेत्रों में इसके द्वारा निर्मित फ्लैटों की बिक्री की अनुमति दे रहा है। भूमि के मूल्य में 50% अर्जित वृद्धि वसूली-योग्य है यदि आवंटिती द्वारा स्वयं आवेदन किया जाता है तथा जहां आवंटिती दिल्ली विकास प्राधिकरण के अनुमोदन के बिना पहले से ही अन्तरण कर चुके हैं अथवा स्वामित्व दे चुके हैं, तो इस लेन देन को अर्जित वृद्धि के 50% के अतिरिक्त अर्जित वृद्धि का 25% अधिशुल्क चार्ज करके नियमित किया जाना होता है।

(ख) भाग (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

[*Transferred to the 9th August, 1988*]

**कृषि कार्यों में लगे व्यक्तियों की प्रति व्यक्ति आय**

443. **श्री सत्य पाल मलिक** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास कृषि कार्यों में लगे व्यक्तियों की प्रति व्यक्ति प्रति दिन की आय के कोई आंकड़े हैं ;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) उपर्युक्त व्यक्तियों की प्रति व्यक्ति आय निर्धारित करने का क्या मानदण्ड है ?